बिहार पुलिस मुख्यालय

(विशेष कार्य बल)

दिनांक—08.10.2024

लूट की योजना विफल, समस्तीपुर जिला का अपराधकर्मी अतुल कुमार सिंह एवं उसका सहयोगी निशांत कुमार सिंह उर्फ रॉकी भाई अवैध आग्नेयास्त्र के साथ गिरफ्तार

- दिनांक 07.10.24 को बिहार एस0टी0एफ0 की विशेष टीम एवं समस्तीपुर जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में समस्तीपुर जिला का अपराधकर्मी 1. अतुल कुमार सिंह पे0 अजय कुमार सिंह सा0 शेखुपुर थाना वारिसनगर जिला समस्तीपुर एवं 2. निशांत कुमार सिंह उर्फ रॉकी भाई पे0 चंद्रशेखर कुमार सिंह सा0 घोसरामा थाना हायाघाट जिला दरभंगा को हायघाट थाना क्षेत्र से छापामारी कर अवैध आग्नेयास्त्र के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संदर्भ में हायाघाट थाना कांड सं0—169/24 दिनांक 07.10.2024, धारा 25(1—बी)ए/26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया है।
- बरामदगीः—

1. देशी पिस्टल—03
2. जिन्दा कारतूस—04
3. मोटरसाईकिल—01
4. मोबाईल—02

- उल्लेखनीय है कि उक्त दोनों अपराधकर्मी दरभंगा जिला में सी0एस0पी0, हायघाट बाजार के पैक्स ऑफिस एवं युनियन बैंक को अपने सहयोगियों के साथ लूट करने की योजना बना रहे थें। एस0टी0एफ0 की विशेष टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त की गिरफ्तारी की गई।
- गिरफ्तार अपराधकर्मी के अतुल कुमार सिंह के विरूद्ध समस्तीपुर जिला के विभिन्न थानों में लूट, डकैती एवं आर्म्स एक्ट सहित कई कांड दर्ज है।

STF